मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल – 462004

Website : www.mpmandiboard.gov.in E-mail : jdmpsamb@gmail.com Tel: 0755-4270561

क्रमांक/बी–5/2/अनुज्ञा–मॉडयूल/2014–15/934 भोपाल दिनांक 21 सितम्बर 2015

प्रति,

संयुक्त संचालक/उप संचालक,
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय,
भोपाल/इंदौर/उज्जैन/ग्वालियर/सागर/जबलपुर/रीवा (म0प्र0)

विषयः–प्रदेश की कृषि उपज मण्डी समितियों में ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल को क्रियान्वित किये जाने संबंधी।

–0–

उल्लेखित विषय में प्रारुप–दस, अनुज्ञा पत्र हेतु घोषणा पत्र को भरते समय जिस व्यापारी को उपज भेजी एवं बेची जा रही है के नाम के स्थान पर उस व्यापारी का अनुज्ञप्ति क्रमांक अर्जित करने हेतु प्रदेश के सभी लायसेंसी व्यापारियों को PAN (Permanent Accounting Number) की तरह से ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल अंतर्गत एक यूनिक पहचान क्रमांक MAN (Mandi Accounting Number) प्रदान किया जा रहा है। यह उन सभी लायसेंसी व्यापारियों को प्रदान की जावेगी जिसका विवरण ई–(मण्डी) अनुज्ञा पत्र मॉडयूल में इंद्राज कर दिया गया है। इसका लाभ यह होगा कि एक मण्डी से दूसरी मण्डी हेतु या एक ही मण्डी में एक व्यापारी से दूसरे व्यापारी को जिन्सों के विक्रय हेतु MAN की प्रविष्टि करने से अनुज्ञा पत्र पर व्यापारी की पूर्ण जानकारी स्वतः ही कम्प्यूटर के साथ साथ सभी प्रदेश की मण्डी समितियों को प्राप्त हो सकेगी। यह प्रकिया अनुज्ञा सत्यापन में भी सहायक होगी।

यह व्यवस्था शीघ्र ही अनुज्ञा माड्यूल में लागू की जा रही है जिसमें अनुज्ञप्ति क्रमांक दर्ज करने साथ अनुज्ञप्ति क्रमांक/ MAN की प्रविष्टि के लिये इसमें Search का Option प्राप्त होगा जिसमें अनुज्ञप्ति क्रमांक, व्यापारी का नाम, Mobil Number, फर्म का नाम से Search किया जाने पर उक्त व्यापारी का समस्त विवरण आपको प्राप्त होगा, जिसको चयनित करते ही उक्त व्यापारी का समस्त ब्यौरा आपके फार्म–10 में स्वतः ही प्रविष्ट हो जावेगा।

प्रदेश की समस्त मंडी समितियों के द्वारा पंजीकृत किये गये समस्त अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों को MAN (Mandi Accounting Number) प्रदाय किया गया है जिसकी सूची अनुज्ञा माड्यूल में उपलब्ध है। मंडी समितियों के पंजीकृत व्यापारियों को उक्त नम्बर प्रदाय करें तथा अवगत कराये की उक्त नम्बर द्वारा प्रदेश अन्तर्गत व्यापार किये जाने हेतु इसका उपयोग किया जावे जिससे अनुज्ञा माड्यूल का कार्य को और सुगमता से किया जाना संभव हो सके।

(ए0पी0एस0सोलंकी)
अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

क्रमांक / बी–5 / 2 / अनुज्ञा–मॉडयूल / 2014–15 / 935   भोपाल दिनांक 21 सितम्बर 2015

<u>प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।</u>

(01) निज सहायक, प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(02) श्री ए0एन0सिद्धीकी, तकनीकी निदेशक भारत सरकार, संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय राष्ट्रीय सूचना–विज्ञान केन्द्र, सी विंग, आधारतल, विंध्याचल भवन भोपाल।

(03) उप संचालक (नियमन) / उप संचालक (वित्त / आडिट), मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल (म0प्र0)।

(04) सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति .... जिला .... (म0प्र0) :– विषय संदर्भ में दिये गये निर्देशों का पालन अनिवार्य रुप से सुनिश्चित करें।

अपर संचालक
मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल